समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# शुभमन गिल का विराट अंदाज! एजबेस्टन मे जंड़ा शतक, 2018 के कोहली की याद दिला दिया।

Publisher

Published on 03 Jul 2025




## शतक लगाने के बाद जोश मे दिखा विराट कोहली जैसा जश्न, एजबेस्टन मे गूंजा भारत का दबदबा, गिल ने रच दिया नया इतिहास।

ब**र्मिंघम(एजबेस्टन):** भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन के ऐतिहासिक मैदान पर खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन **शुभमन गिल** ने जबरदस्त शतक लगाकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। गिल के शतक के बाद उनके जोशीले सेलिब्रेशन ने **2018 मे विराट कोहली के शतक के जश्न की याद ताजा** कर दी।

**भारतीय कप्तान शुभमन गिल** ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट करियर का **7वां शतक जड़ा**, जो उनके **इंटरनेशनल करियर का 16वां शतक** है। गिल भारत के चौथे ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ लगातार 3 टेस्ट मैचों में शतक लगाने का कारनामा किया है।

**मैच का हाल :**
टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शुरुआती झटकों के बावजूद पहले दिन का खेल खत्म होने तक 5 विकेट के नुकसान पर **310 रन** बना लिए थे। **गिल 114 रन** बनाकर नाबाद रहे, जबकि **रवींद्र जडेजा 41 रन** बनाकर उनका साथ दे रहे थे।

शुभमन गिल को करुण नायर के जल्दी आउट होने के बाद पहले सत्र में ही बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा। उन्होंने **यशस्वी जायसवाल के साथ 66 रनों की अहम साझेदारी** की। हालांकि जायसवाल के आउट होने के बाद **ऋषभ पंत** और **नितीश**

**रेड्डी** जल्दी आउट हो गए, लेकिन गिल ने मोर्चा संभाले रखा।

### शुभमन गिल का विराट जैसा जश्न :

सेंचुरी पूरा करने के बाद गिल ने हेलमेट उतारा, बल्ला हवा में उठाया और **जोरदार चिल्लाकर जोश** में जश्न मनाया। फिर **रवींद्र जडेजा** से गले मिले और चारों ओर देखा। यह अंदाज बिल्कुल वैसा ही था जैसा **विराट कोहली ने 2018 मे एंजबेस्टन मे 149 रन** की पारी खेलकर शतक के बाद किया था।

### एजबेस्टन मे भारत का रिकॉर्ड:

एजबेस्टन मैदान भारत के लिए कभी भाग्यशाली नहीं रहा है। भारत ने यहां आज तक कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है। गिल की इस ऐतिहासिक पारी के बाद टीम इंडिया चाहेगी कि पहली पारी में **स्कोर 500 से ऊपर जाए ताकि जीत की उम्मीदे** मंजबूत हो सकें। पहले टेस्ट में भी गिल ने शतक जड़ा था लेकिन टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था।

### महत्वपूर्ण तथ्य :

१. **शुभमन गिल का इंग्लैडं के खिलाफ लगातार तीसरे टेस्ट मे शंतक**।
२. **एजबेस्टन मे विराट कोहली की 2018 की पारी की याद दिलाई**।
३. **भारत ने पहले दिन बनाए 310/5 रन**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.